## खबर संक्षेप

### युवक पर कुल्हाड़ी से हमला

सतना। अपराध जगत से जुड़ी एक खबर कोटर से सामने आई है। बीती रात जब एक युवक अपने घर लौट रहा था, तभी बस स्टैंड के पास कुछ अज्ञात हमलावरों ने उसका रास्ता रोक लिया। हमलावरों ने युवक पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### मौत को दावत देती 'रील': हवा में लटकी सफारी



सतना। नागौद स्थित वसुधा मंदिर के पास एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। रील बनाने के जुनून में चार नाबालिग युवक अपनी टाटा सफारी गाड़ी से खतरनाक स्टंट कर रहे थे। इसी दौरान गाड़ी अचानक अनियंत्रित हो गई और पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए हवा में लटक गई। गनीमत रही कि गाड़ी नीचे नहीं गिरी, वरना एक बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था।

### सिविल लाइन ओवरब्रिज पर एक्सीडेंट के बाद बीच सड़क पर 'संग्राम'



सतना। शहर के सिविल लाइन ओवरब्रिज पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब दो कारों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद बात सुलझाने के बजाय दोनों पक्षों के बीच बीच सड़क पर ही मारपीट शुरू हो गई। इस हंगामे और मारपीट की वजह से ब्रिज पर लंबा जाम लग गया, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### 1 मई को 100 जोड़ों का सामूहिक विवाह



सतना। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत 1 मई को व्यंकट क्रमांक-2 मैदान में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में करीब 100जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने नगरनिगम सभागार में समीक्षा बैठक लेकर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विवाह सम्मेलन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण हों, ताकि वर-वधू एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बेटियों के सम्मान, सामाजिक समरसता और जनकल्याण से जुड़ा पुनीत प्रयास है तथा इसे गरिमामय, भव्य और यादगार बनाया जाएगा। बैठक में पंडाल, भोजन, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, सुरक्षा, पंजीयन सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। महापौर जी ने कहा कि नगर निगम इस आयोजन को उत्सव के रूप में सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। समीक्षा बैठक में एस.के.सिंह, अधीक्षण यंत्री नगर पालिक निगम सतना, सत्यम मिश्रा, उपायुक्त नगर पालिक निगम सतना के साथ निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फोनपे से ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

मैहर। मैहर जिले में फर्जी फोन पे ऐप के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले रायसेन जिले के 2 आरोपियों को मैहर पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। कोतवाली टीआई अनिमेष द्विवेदी ने बताया कि बीते 23 अप्रैल को सरलानगर रोड पर ओवर ब्रिज के पास कपड़ों की दुकान संचालित करने वाले अभय दाहिया निवासी हरनामपुर के पास दो लोग नए कपड़े और ट्रॉली बैग खरीदने पहुंचे। वही कुछ देर तक सामान देखने के बाद खरीदारी कर फोन पे ऐप से ऑनलाइन 5 हजार का भुगतान दिखाकर दोनों लोग चले गए, मगर जब व्यापारी ने अपना खाता देखा तो उसमें पैसे आए ही नहीं थे। तब हैरान-परेशान पीड़ित ने फौरन कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करा दी, जिस पर तेजी से जांच-पड़ताल शुरू कर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालते हुए अनुज पुत्र तीरथ कुशवाहा19 वर्ष और प्रकाश उर्फ छोटू पुत्र डालचंद्र कुशवाहा 20 वर्ष, निवासी मोबीन मोहल्ला, थाना बाड़ीकला, जिला रायसेन, को हिरासत में ले लिया।

**कपड़े, मोबाइल और बैग जब्त**

दोनों को थाने लाकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने फर्जी फोन-पे ऐप के माध्यम से ठगी का जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद आरोपियों के कब्जे से बैग, कपड़े और मोबाइल जब्त कर कोर्ट में पेश किया गया।

# तालाब में डूबने से किराना व्यापारी की मौत

शहर के कोलगवां थाना क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ नई बस्ती स्थित चन्द्राशय के पास तालाब (नीमी) में डूबने से एक व्यक्ति की दुखद मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।



सतना।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान सिंधी कैंप निवासी खियालदास गेलानी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि खियालदास पेशे से किराना व्यापारी थे। घटना की खबर मिलते ही कोलगवां थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने गोताखोरों या स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह एक दुर्घटना है या इसके पीछे कोई अन्य कारण। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। व्यापारी खियालदास गेलानी के निधन की खबर से सिंधी कैंप और स्थानीय व्यापारिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है।

## तालाब में तैरती मिली अज्ञात अधेड़ की लाश, शिनाख्त के प्रयास में जुटी पुलिस

नागौद।

नागौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत मौहारी जाखी के बीच स्थित एक तालाब में शनिवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब स्थानीय लोगों ने एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव पानी में तैरता देखा। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। सूचना पाकर थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय अपने स्टाफ के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। प्रारंभिक जांच और बारीकी से किए गए मुआयने के बाद पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 40 से 42 वर्ष के आसपास है।

### मौत का कारण और हुलिया

थाना प्रभारी श्री पाण्डेय के अनुसार, मृतक के शरीर या गले पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। मृतक ने काले रंग की पैंट और पीले रंग की हाफ शर्ट पहनी हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल भेज दिया गया है। डॉक्टरों ने भी प्राथमिक जांच में मौत का कारण पानी में डूबना ही बताया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के गांवों और थानों में मृतक के हुलिए के आधार पर शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है।

## सतना में आसमान से बरसी आग: 43.3 डिग्री पहुंचा पारा, भीषण लू से जनजीवन बेहाल



सतना।

विंध्य क्षेत्र के प्रमुख शहर सतना में गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शनिवार को जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप रहा, जिसने पिछले कई रिकॉर्ड्स को पीछे छोड़ दिया। सूर्यदेव की तपिश और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने शहरवासियों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है।

### पारे की चाल और मौसम का हाल

मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, सतना का अधिकतम तापमान 43.3 सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.4 सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 26 से 13 प्रतिशत के बीच दर्ज किया गया। हवा में गिरती आर्द्रता और बढ़ता तापमान इस बात का संकेत है कि लू का प्रभाव अब और अधिक घातक होता जा रहा है।

### दोपहर में थमी शहर की रफ्तार

सुबह 10 बजते ही सूरज की किरणें आग उगलने लगीं। दोपहर होते-होते स्थिति यह हो गई कि शहर की मुख्य सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसर गया। कड़ी धूप के कारण दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों का बुरा हाल रहा। गर्म हवाओं के कारण आंखों में जलन और शरीर झुलसने जैसी स्थिति पैदा हो रही है। शहर के मुख्य बाजार जैसे चौक बाजार और पन्नी लाल चौक में दोपहर के समय रौनक पूरी तरह गायब रही। लोग खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए गन्ने का रस, छाछ और शिकंजी का सहारा ले रहे हैं।

### स्वास्थ्य विभाग की सलाह

बढ़ती गर्मी को देखते हुए डॉक्टरों ने लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। ज्यादा से ज्यादा पानी, ओआरएस और मौसमी फलों का सेवन करें। बहुत जरूरी होने पर ही दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच बाहर निकलें। धूप से बचने के लिए शरीर को पूरी तरह ढंककर रखें और सूती कपड़ों का प्रयोग करें। सतना में जिस तरह से पारा 43 डिग्री के पार गया है, उसे देखते हुए आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद कम ही नजर आ रही है।

## हाइवे में स्कॉपियों के खड़ी होने से लगा जाम पुलिस ने ड्रिंक एवं ड्राइव का केस दर्ज किया





मैहर।

आज कल जहां देखों लोग अपने वाहने को साइड न खड़ा कर बीच सड़क में वाहन को खड़ा कर चल देते है जिससे आए जाम लग जाता है और आवागमन प्रभावित होता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें बताया जा रहा है कि मैहर के राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर स्कॉपियों खड़ी कर आवागमन प्रभावित किया गया जिस पर मैहर कोतवाली के द्वारा प्रकरण दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ ड्रिंक एवं ड्राइव की कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात सीमेंट फैक्ट्री के सामने हुई है जिसमें आरेपी शुभम डिगइयां निवासी गिरगिटा और शुभम चौरसिया पुत्र राधेश्याम चौरसिया अपनी स्कॉपियों क्रमांक एमपी 19 जेडबी 7445 से सड़क पर पहुंचे और गाड़ी को सड़क पर लगागर यातायात बाधित किया और हंगामा करने लगे। इस संबधं की शिकायत मिलने पर पुलिस टीम ने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कर हाइवे पर यातायात बाधित करने और गाली गलौज करने के लिए बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। इसके अलावा भी नशे में वाहन चलाने के आरोप में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत भी प्रकरण बनाया गया। इस मामले का चालान न्यायालय में पेश किया जाएगा वाहन को थाने में खड़ा कर लिया गया है।

## अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई और जांच से खुल सकता बड़े मामले

## कार्रवाई के दौरान पोकलेन मशीन के आपरेटर छोड़ कर भागे



मैहर।

भटूरा-कैमोर क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम जमुवानी कला में चल रहे अवैध उत्खनन का भंडाफोड़ किया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद माइनिग विभाग की टीम ने देर रात छापा मारकर मौके पर कार्रवाई की, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। माइनिग इंस्पेक्टर पवन कुशवाहा के नेतृत्व में पहुंची टीम को मौके पर अवैध खनन के स्पष्ट प्रमाण मिले। विभाग की गाड़ी पहुंचते ही पोकलेन मशीन का ऑपरेटर वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। स्थिति को संभालते हुए टीम ने दूसरी खदान से ऑपरेटर बुलवाकर मशीन को सुरक्षित रूप से कंपनी परिसर में खड़ा कराया। बताया जा रहा है कि 5 साल से बंद खदान में चल रहा था अवैध खेल। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि संबंधित खदान पिछले करीब 5 वर्षों से बंद थी, इसके बावजूद यहां संगठित तरीके से अवैध खनन किया जा रहा था। स्थानीय स्तर पर लंबे समय से चोरी-छिपे उत्खनन की चर्चा थी, जो अब विभागीय कार्रवाई के बाद उजागर हो गई। खनिज विभाग की टीम देर रात तक मौके पर जांच और दस्तावेजी कार्रवाई में जुटी रही। अधिकारियों के मुताबिक, विस्तृत जांच में यह तय किया जाएगा कि किस खसरा नंबर पर खनन हुआ, कितनी मात्रा में खनिज निकाला गया और इसमें किन लोगों की संलिप्तता है। सूत्रों का कहना है कि जांच में बड़े नाम सामने आ सकते हैं, जिससे मामला और भी तूल पकड़ सकता है।

### क्रेशरों पर भी गिरेगी गाज

विभाग ने संकेत दिए हैं कि नियम विरुद्ध संचालित क्रेशरों पर भी जल्द सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध खनन में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन से जुड़े लोगों में दहशत का माहौल है, वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने विभाग की कार्रवाई का स्वागत करते हुए लगातार सख्ती बनाए रखने की मांग की है।

## गिरगिटा खदान दुर्घटना पर केजेएस सीमेंट का आधिकारिक स्पष्टीकरण

मैहर। गिरगिटा स्थित खदान में बालक के डूबने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर केजेएस सीमेंट के जनसंपर्क प्रबंधक निरंजन शर्मा ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि उक्त खदान का स्वामित्व वर्तमान में कंपनी के पास नहीं है, बल्कि यह वर्ष 2018 से ही शासन के अधीन है। यह खदान पिछले 8 वर्षों से बंद पड़ी है और यहाँ किसी भी प्रकार का उत्खनन कार्य नहीं हो रहा है। सन 2018 से ही यह खदान विधिवत रूप से शासन के पास है। वर्तमान में इस खदान का उपयोग मैहर शहर की जलापूर्ति के लिए किया जा रहा है, जिससे स्पष्ट है कि यह पूरी तरह सार्वजनिक उपयोग में है। दुर्घटना के पश्चात कंपनी द्वारा पीड़ित परिवार की जो भी सहायता की गई है, वह केवल मानवता और पड़ोसी ग्राम के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व के नाते की गई है।

### इनका कहना है-

भ्रामक खबरों का खंडन करते हुए हम स्पष्ट करते हैं कि उक्त स्थल से कंपनी का कोई व्यवसायिक संबंध नहीं है। हमारी सहानुभूति पीड़ित परिवार के साथ है और हमने केवल एक पड़ोसी संस्थान होने के नाते सहायता का हाथ बढ़ाया है।

निरंजन शर्मा, जनसंपर्क प्रबंधक, केजेएस सीमेंट

## जनगणना प्रशिक्षण से अनुपस्थित पांच कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर निगम आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर जोनल चार्ज जनगणना अधिकारी एवं नगर निगम के कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अनुपस्थित पाए गए 5 प्राथमिक शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### तो होगी कार्यवाही

प्रशासन द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, जिम्मेदारियों एवं तकनीकी पहलुओं से अवगत कराना था। ऐसे में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहना न केवल कार्य की गंभीरता को प्रभावित करता है, बल्कि आगामी चरणों की तैयारी पर भी प्रतिकूल असर डालता है।

संबंधित कर्मियों को निर्धारित समय-सीमा 24 घंटे में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### इन्हें जारी हुआ नोटिस

नगर के झिंझरी स्थित नालंदा आट्र्स एंड कॉमर्स महाविद्यालय में तीन चरणों में आयोजित होने वाले जनगणना प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित रहने वाले पांच प्राथमिक, माध्यमिक शिक्षकाओं एवं शिक्षक को नोटिस जारी किया गया है, उनमें प्राथमिक विद्यालय कवास जी वार्ड की कीर्ति जैन, प्राथमिक शाला टिकरिया सिविल लाइन की विनीता प्रजापति, प्राथमिक शाला टिकरिया, सिविल लाइन की संध्या गुप्ता एवं रमेश कुमार द्विवेदी सहित माध्यमिक शाला धन्तीबाई के राजकुमार कोल शामिल है।

### लापरवाही नहीं बरतें

प्रशासन ने सभी नियुक्त कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करें, ताकि कार्य निर्धारित समय-सीमा में त्रुटिरहित रूप से संपन्न हो सके।

### पुलिस ने पकड़ी दो झोले में 54 लीटर अवैध शराब

मैहर। मोटरसाइकिल से दो झोले में 54 लीटर अवैध शराब लेकर जा रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, बाइक जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। मैहर में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 54 लीटर अंग्रेजी गोवा शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति उचेहरा की ओर से मोटरसाइकिल पर अवैध शराब लेकर मैहर आ रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर संदिग्ध का इंतजार किया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 19 जेडसी 3644 में रखे दो झोलों से कुल 300 पाव, लगभग 54 बल्क लीटर अवैध शराब बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी की पहचान अशोक सिंह (46वर्ष), निवासी ओंकार पैलेस के पास, सतना रोड मैहर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया।

## अवैध शराब के विरुद्ध मैहर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

मैहर।



पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी और उनकी टीम द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 64 लीटर अवैध शराब जप्त। प्राप्त जानकारी में बताया गया कि दिनांक 25/04/26 को थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मनटोलवा में जगदीश प्रसाद साकेत अपने घर के आंगन में भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री करने हेतु रखा हुआ है। इस सूचना पर थाना कोतवाली की टीम द्वारा मौके पर रेड कार्यवाही करते हुए जगदीश प्रसाद साकेत के घर पर भारी मात्रा में बिक्री करने हेतु देशी अंग्रेजी शराब रखी पाई गई मैहर पुलिस द्वारा अवैध शराब को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से माननीय न्यायालय के आदेशनुसार आरोपी को उप जेल मैहर भेजा गया है। बताया गया है कि जगदीश प्रसाद साकेत पिता मुनेश्वर साकेत उम्र 55 वर्ष निवासी मनटोलवा थाना कोतवाली मैहर से कुल 64 लीटर अवैध अंग्रेजी एवं देशी शराब कीमती 37606 रुपये जब्त किए गए है। इस कार्यवाही में निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी, एएसआई सतीश मिश्रा हेड कांस्टेबल रविन्द्र दोहरे, जय बागरी, राजेंद्र सिह, सोमेश सिंह, हिमांशु कुमार श्यामसुंदर कुशवाहा की रही है।

## पंचायतों के विकास के लिये 9 थीम विषय पर चर्चा




जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सभा कक्ष में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र कोरी सहित जनप्रतिनिधियों एवं समस्त विभागों की उपस्थिति में पंचायती राज के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के विकास हेतु 9 थीम विषय पर भी विस्तृत चर्चा कर उसे पंचायत में लागू किए जाने संबंधी जानकारी आपस में साझा की गई। जिले की अन्य सभी जनपद पंचायतों में भी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन जन प्रतिनिधियों, स्थानीय नागरिकों अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में किया गया। अतिथियों ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर अपने-अपने विचार उद्बोधन स्वरूप प्रस्तुत किए। ढीमरखेड़ा के कार्यक्रम में जनपद सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त विभागों के विभाग प्रमुख, जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, एवं स्थानीय जन भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बस ने मारी टक्कर महिला पत्रकार घायल



**पन्ना।** पन्ना जिले में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है इसी प्रकार का मामला सामने आया है जनपद पंचायत कार्यालय रोड पर भाजपा कार्यालय पत्रकार वार्ता कवर करने जा रही महिला पत्रकार अर्चना समेले को एक तेज रफ्तार बस में टक्कर मार दी है उक्त बस सतना से छतरपुर की ओर जा रही थी बेग ब्रदर कंपनी की बस द्वारा दिनांक 24 अप्रैल को लगभग 12:00 बजे यह घटना घटित की गई घायल पत्रकार को तत्काल पुलिस द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां पर उनका इलाज चल रहा है तथा कोतवाली पुलिस ने बस को जप्त कर लिया है।

### प्रदीप अवस्थी भाजपा पन्ना के अध्यक्ष नियुक्त



**अमानगंज-** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मध्य प्रदेश ने अभी हाल में ही 16 जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां कर दी है यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी की सहमति से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह जी ने अपने पत्र के माध्यम से बताई है इन दिनों में पन्ना जिले का नाम शामिल करते हुए आपने प्रदीप अवस्थी जी को पन्ना जिला किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है जैसे ही यह नियुक्ति कार्यकर्ताओं की जानकारी में आई चारों तरफ कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर देखी गई मुख्य चौराहा गांधी चौक से लेकर कई स्थानों पर आदर्शवादी भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने की और प्रदेश संगठन का इस युक्ति पर आभार माना ज्ञात हो कि प्रदीप अवस्थी ने लंबे समय तक मंडल संगठन अमानगंज में महामंत्री के रूप में अपनी मजबूत सेवा दी यही वजह है कि सारा जिला पार्टी कार्यकर्ता एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जानता है आपकी नियुक्ति होने पर स्थानीय और जिला स्तर की मीडिया को भी हर्ष हुआ है क्योंकि कुछ ही समय से आप आप मीडिया परिवार से एक सदस्य बने है आपकी नियुक्ति को लेकर जिले के चारो ओर से बधाइयां आ रही है आपकी नियुक्ति पर जिले के समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं ने आपको बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अलग-अलग सड़क हादसों में तीन गंभीर रूप से घायल



**पन्ना।** शनिवार सुबह 9 बजे शाहनगर थाना क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से डॉ. सर्वेश लोधी ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए कटनी रेफर कर दिया। पहला हादसारू जानकारी के अनुसार कटनी-पन्ना एनएच 43 पर खमतरा गांव के समीप शराब के नशे में धुत युवक की मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई। घायल की पहचान मुकेश चौधरी पिता लटौरी चौधरी, उम्र 30 वर्ष, निवासी मझगवां फाटक, कटनी के रूप में हुई। वह अपनी ससुराल रमगड़ा आया था।

## मौके पर ही हुई दोनों की दर्दनाक मौत, चालक फरार

# काल बनकर आई बोलेरो ने दो ममेरे भाइयों को रौंदा

पन्ना जिले के गुनौर-अमानगंज मार्ग पर बीती रात रफ्तार के कहर ने दो हँसते-खेलते परिवारों के चिराग बुझा दिए। डहर्रा मोड़ के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार बोलेरो ने मोटरसाइकिल को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक हादसे में दो ममेरे भाइयों की अकाल मृत्यु हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।



अमानगंज।

घटना शुक्रवार, 24 अप्रैल की रात करीब 10 बजे की है। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र बंसकार (19 वर्ष) और उसका ममेरा भाई कृष्ण वंशकार (13 वर्ष) बाइक पर सवार होकर महेबा से अपने गाँव गड़ोखर जा रहे थे। जैसे ही वे डहर्रा मोड़ के पास पहुँचे, सामने से आ रही एक अनियंत्रित बोलेरो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों को संभलने तक का मौका नहीं मिला और वे सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 अमानगंज की टीम तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुँची। पुलिस ने दोनों लहूलुहान घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुँचाया। हालांकि, नियति को कुछ और ही मंजूर था; डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बोलेरो की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर मौके से रफूचक्कर हो गया। बाइक की हालत देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि टक्कर कितनी जोरदार रही होगी।

### परिवार में पसरा सन्नाटा-

मृतकों में 19 वर्षीय धर्मेंद्र मजदूरी कर अपने परिवार का हाथ बँटाता था, वहीं 13 वर्षीय कृष्ण अभी अपनी जिंदगी की शुरुआत ही कर रहा था। एक साथ दो अर्थियां उठने की खबर से गड़ोखर गाँव में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अमानगंज पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और इलाके के सीसीटीवी फुटेज व अन्य माध्यमों से फरार वाहन की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है।



## विश्व पुस्तक दिवस पर बच्चों को बांटी गई पुस्तकें, पढ़ने की डाली आदत

पन्ना।

शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा में बुधवार, 23 अप्रैल 2026 को विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ने की संस्कृति विकसित करना और पुस्तकों के महत्व से अवगत कराना था। इस अवसर पर विद्यालय में श्पुस्तक प्रदर्शनीश लगाई गई और बच्चों को कहानी, कविता एवं सामान्य ज्ञान की पुस्तकें पढ़ने के लिए दी गईं। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के बीच श्मेरी प्रिय पुस्तकश विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी हुई। बच्चों ने प्रेमचंद, महादेवी वर्मा और सुदर्शन जैसे लेखकों की रचनाओं पर अपने विचार रखे। प्रधान अध्यापक श्रीमती माया खरे ने कहा कि बिना पढ़े कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को जन्मदिन या विशेष अवसरों पर पुस्तकें उपहार में दें। अंत में सभी विद्यार्थियों ने प्रतिदिन कम से कम 20 मिनट किताब पढ़ने का संकल्प लिया। विजेता बच्चों को कहानी की पुस्तकें पुरस्कार स्वरूप दी गईं।

## दफ्तर में मिठाई, चाय और स्टेशनरी के नाम पर खर्च का खेल उजागर

# जनपद पंचायत गुनौर में फर्जी बिलों के सहारे लाखों का कथित फर्जीवाड़ा!

### गुप्ता मिठाई की दुकान गुनौर पर अब केला भी मिलने लगे है

गुनौर।







जब सैंया भये कोतवाल तो अब डर काहे का!! यह कहावत भले यही है पुरानी हो गई हो, मगर जनपद पंचायत गुनौर में इन दिनो भ्रष्टाचार की नित नई कलई खुलने से जनपद पंचायत की भद पिटना तो तय है! तय इसलिए है कि ग्राम पंचायतों के भ्रष्टाचार जब हम समाचार-पत्र में प्रकाशित करते हैं तो उनपर कार्यवाही के नाम पर ले देकर निपटाने का चलन इस जनपद पंचायत गुनौर में पुराना है, मगर जब जनपथ पंचायत में ही इस प्रकार के क्रतय सामने आएंगे तो पंचायतों को दोषी करार देने वाली झंझावतों पर चर्चा किससे करिएगा। वैसे जनपद पंचायत गुनौर एक बार फिर भ्रष्टाचार के मामले में सुर्खियों में है। यहां मिठाई, चाय और स्टेशनरी के नाम पर लाखों रुपये के कथित फर्जी बिलों का मामला सामने आया है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, हर महीने जनपद कार्यालय में काजू-बादाम, मिठाई और अन्य नाश्ते के नाम पर भारी-भरकम खर्च दिखाया जा रहा था। हैरानी की बात यह है कि इन खर्चों के बिल अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें असामान्य रूप से अधिक राशि दर्ज बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कर्मचारियों के नाम पर नियमित रूप से महंगे ड्राईफ्रूट और मिठाई का उपभोग दर्शाया गया, जबकि जमीनी हकीकत इससे अलग बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह खर्च वास्तविकता से कहीं ज्यादा दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। इस मामले के सामने आने के बाद जनपद पंचायत की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की बात कही है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस कथित फर्जीवाड़े को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या नहीं।

### इनका कहना है-

वही पूरी जानकारी के लिए गुनौर सीईओ रानू जैन से संपर्क करना चाहा लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

**रानू जैन**
**सीईओ गुनौर**

# दबंगई के साये में किसान की जमीन, छत्रसाल कॉलेज प्रबंधन पर अवैध कब्जे और सीमांकन रुकवाने का आरोप



पन्ना।

जिले की देवेंद्रनगर तहसील के ग्राम बड़ौरा में एक भू-स्वामी की जमीन पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा जबरन कब्जा करने और सत्ता-धनबल के दुरुपयोग का मामला गरमाता जा रहा है। पीड़ित पक्ष ने पन्ना कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाते हुए अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। मामला ग्राम बड़ौरा स्थित आराजी नंबर 64/1/1/1/2/2/1/1 (रकबा 0.1600 हेक्टेयर) से जुड़ा है। पीड़ित भागवत प्रसाद विश्वकर्मा ने यह भूमि 19 नवंबर 2025 को रामनरेश पटेल से विधिवत क्रय की थी, जिस पर उनका कब्जा है। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोस की जमीन पर संचालित जनविकास संस्था (छत्रसाल महाविद्यालय) के सर्वेसर्वा मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी उनकी निजी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर कॉलेज का दूसरा मुख्य द्वार बनाना चाहते हैं। बताया जा रहा है कि कॉलेज प्रबंधन का पूर्व का मुख्य द्वार रेलवे भू-अर्जन की चपेट में आ गया है, जिससे कॉलेज का रास्ता बंद हो गया है। अब इस रास्ते की भरपाई के लिए कॉलेज प्रबंधन कथित तौर पर भागवत प्रसाद की जमीन को अपना हिस्सा बताकर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। उल्लेखनीय है कि आरिफ सिद्दीकी द्वारा खरीदी गई जमीन के पुराने दस्तावेजों (विक्रय पत्रों) में किसी भी स्पष्ट श्चौहद्दीश (सीमाओं) का उल्लेख नहीं है। पीड़ित भागवत प्रसाद का आरोप है कि जब उन्होंने 22 अप्रैल 2026 को अपनी भूमि पर निर्माण कार्य (पिलर खुदाई) शुरू किया, तो आरिफ सिद्दीकी ने पुलिस बल का दुरुपयोग कर कार्य रुकवा दिया। सीमांकन में बाधारू पुलिस के निर्देशानुसार जब पीड़ित ने तहसील न्यायालय में सीमांकन का आवेदन दिया, तो विपक्षी ने कलेक्टर के नाम फर्जी और बिना स्वामित्व वाले दस्तावेज पेश कर सीमांकन रुकवाने के लिए आवेदन दे दिया। पीड़ित का कहना है कि विपक्षी अपनी अवैध संपत्ति और रसूख के दम पर राजस्व और पुलिस अधिकारियों पर अनैतिक दबाव बना रहे हैं ताकि कानूनी प्रक्रिया (सीमांकन और तरमीम) को पूरा न होने दिया जाए।

### जान का खतरा- पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

पीड़ित भागवत प्रसाद विश्वकर्मा ने पन्ना कलेक्टर को सौंपे पत्र में स्पष्ट किया है कि उन्हें विपक्षी से जान का खतरा है। उन्होंने कहा, ष्यदि मेरे साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित होती है, तो उसके जिम्मेदार मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी होंगे।ष ग्रामीणों और पीड़ित पक्ष का मानना है कि यदि प्रशासन जमीनी स्तर पर मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष सीमांकन कर दे, तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। फिलहाल, इस मामले में प्रशासन के अगले कदम पर सबकी नजरें टिकी हैं।



### राष्टीय पंचायत राज दिवस पंचायतो को प्रेरणा और सम्मान का दिन है

## ग्राम सरकार को पंचायतराज अधिनियम 73वां सविधान शंशोधन में मिले है अधिकार

**पन्ना।** जनपद पंचायत अजयगढ़ की ग्राम पंचायत प्रतापपुर के ग्राम भुजवाई में सरपंच श्रीमती पुष्पा सेन की अध्यक्षता में पंचायतराज दिवस मनाया गया। समुदाय को पंचायती राज व्यवस्था के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम ग्राम पंचायत प्रतापपुर के ग्राम भुजबई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समर्थन से ज्ञानेंद्र जी द्वारा की गई जिसमें पंचायती राज व्यवस्था की जरूरत देश को क्यों पड़ी, कब लागू हुई तथा पंचायती राज व्यवस्था लागू होने से क्या लाभ है के विषय में विस्तार से उदाहरण दे कर समझाया गया तथा कुछ ऐसे उदाहरण दे कर बताए गए जिसमें महिला प्रतिनिधियों ने अच्छे कार्य किए हों। आशीष जी द्वारा भी पंचायती राज व्यवस्था के बारे में लोगों की समझ बनाई गई। पेन्टिंग प्रतियोगिता - गांव के बच्चों के द्वारा हमारे सपनों का गांव कैसा हो की थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी समझ के अनुसार चित्र बनाए इसके बाद सरपंच तथा गांव के हितधारकों तथा समुदाय के लोगों द्वारा चित्रकला में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान हेतु चयन किया गया तथा सरपंच द्वारा इनाम दे कर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। इसके बाद सभी को पुनः राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में शामिल होने हेतु धन्यवाद दिया गया तथा कार्यक्रम का समापन किया गया।
इस कार्यक्रम में समुदाय के लोग पंचायत प्रतिनिधि ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य तथा विद्यालय के शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत रोजगार सहायक, सरपंच तथा समर्थन से ज्ञानेंद्र तिवारी, आशीष कुमार झा, कौशल्या, विकास, रोहिणी, वंदना तथा हरेंद्र उपस्थित रहे।

# श्रेष्ठ पंचायतें और नगरीय निकाय बनाने के लिए कलेक्टर्स नवाचार करें: अध्यक्ष वित्त आयोग

### नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतें स्वयं के वित्तीय संसाधन जुटाएं संभागीय बैठक में वित्त आयोग के अध्यक्ष द्वारा राजस्व स्रोतों के नवाचारों पर अधिकारियों के साथ की गई विस्तृत चर्चा





पन्ना।

अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य वित्त आयोग जयभान सिंह पवैया ने कहा है कि कलेक्टर्स श्रेष्ठ ग्राम पंचायतें और नगरीय निकाय बनाने के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कलेक्टर्स ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को श्रेष्ठ बनाने के लिए ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता प्रारंभ करें तथा अच्छा कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को पुरस्कृत भी करें। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि सभी कलेक्टरों में उत्कृष्ट कार्य करने की भूख होना चाहिए। नवाचार करने की ललक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों को व्यवस्थाओं के लिए जो राशि दी जाती है, उसका सदुपयोग सुनिश्चित कराएं और राशि के उपयोग की लेखांकन व्यवस्था और अंकेक्षण व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

अध्यक्ष श्री पवैया आज कमिश्नर कार्यालय सागर में संभाग स्तरीय बैठक में कलेक्टर्स और अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों, नगर निगमों, नगर पालिकाओं को सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए अपने वित्तीय संसाधनों का विकास करना होगा। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं और नगरीय निकाय अपने वित्तीय संसाधनों का विकास कर विकास कार्य को आगे बढ़ाएं। अध्यक्ष मध्यप्रदेश वित्त आयोग ने सुझाव दिया कि नगरीय क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों में सौर ऊर्जा एक अच्छा विकल्प है। उन्होंने सुझाव दिया कि बिजली की बचत और आने वाली ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। बैठक में वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए किए जा रहे सागर संभाग में नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### कलेक्टर ने दी जानकारी

बैठक में पन्ना कलेक्टर ऊषा परमार ने बताया कि पन्ना जिले में पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र के ग्राम पंचायत मड़ला में सफारी वाहनों से कर लिया जा रहा है, वहीं ग्राम पंचायत शाहनगर में भी जल कर की वसूली सहजता से की जा रही है। उन्होंने बताया कि पन्ना जिले में ग्राम पंचायतों के माध्यम से करारोपण कर ग्राम पंचायतों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में संभाग के अन्य जिलों के अधिकारियों द्वारा भी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बैठक में अध्यक्ष राज्य वित्त आयोग ने सागर नगर निगम क्षेत्र से लगे हुए गांवों में आवास निर्माण के लिए दी जा रही अनुमतियों पर चर्चा की तथा कहा कि ग्राम पंचायतों में कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं। ऐसी ग्राम पंचायतों को भी राजस्व प्राप्त होना चाहिए और ग्राम पंचायतों का सर्वांगीण विकास होना चाहिए।
सदस्य राज्य निर्वाचन आयोग के.के. सिंह ने बताया कि केंद्रीय वित्त आयोग की अनुशंसाएं एक अप्रैल से लागू हुई हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न संसाधनों से भारत सरकार को जो राजस्व प्राप्त होता है, उसमें से 41 प्रतिशत राजस्व राज्यों को देने का प्रावधान किया गया है। सचिव राज्य वित्त आयोग वीरेन्द्र सिंह ने बैठक में नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों के वित्तीय संसाधनों पर विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी सहित जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका अधिकारी एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत "डिजिटल साक्षरता, सायबर जागरुकता एवं कानूनी जागरुकता कार्यक्रम" पर प्रभावी व्याख्यान का किया गया आयोजन





### कार्यक्रम में सायबर सेल पन्ना के कर्मचारियों द्वारा विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई

पन्ना।

पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत "डिजिटल साक्षरता एवं कानूनी जागरूकता कार्यक्रम" पर एक प्रभावी व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सायबर सेल पन्ना से प्र.आर. आशीष अवस्थी एवं धर्मेन्द्र सिंह राजावत द्वारा विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। व्याख्यान के दौरान छात्रों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लोन ऐप, फेक आईडी, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया ठगी, व्ज्च/पासवर्ड शेयरिंग के खतरे, फिशिंग लिंक, ज्ञल्ब अपडेट के नाम पर ठगी आदि से सतर्क रहने के बारे में बताया गया। साथ ही साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं वेबसाइट् .बलइमतबतपउम.हवअ. पद पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को निम्न महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। संस्था के प्राचार्य उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रत्येक छात्र के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर संस्था की व्याख्याता कम्प्यूटर साइंस श्रीमती वर्षा प्रजापति ने मुख्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूजा खरे एवं अंशुमन रेले द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर संस्था के राकेश कुमार द्विवेदी, हरीश पाठक, अतिथि व्याख्याता श्रीमती शायना परबीन, श्रीमती मोनिका गुप्ता, श्रीमती नीलोफर जहाँ, हरगोविंद कुर्मी, संतोष साहू, श्री अमित ताम्रकार, सुरेन्द्र, सुभाष पांडे, ओमप्रकाश, जितेंद्र, बुद्धसेन वर्मा सहित समस्त छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनकर अन्य लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

## खबर संक्षेप

### 630 ग्राम गांजा सहित तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लवकुशनगर।** शासन के नशा मुक्ति अभियान के तहत जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना चंदला पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बंजारी रोड स्थित लुहारपुरवा तिराहा पर क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस को गांजा तस्करी की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 630 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 10 हजार रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान धर्मेंद्र उर्फ दिलीप पटेल के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना चंदला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। कार्यवाही को एसडीओपी नगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 7 साल पुराने पॉक्सो केस में फरार सात हजार का इनामी वारंटी गिरफ्तार

**लवकुशनगर।** छतरपुर जिले की गौरिहार पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक इनामी वारंटी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह आरोपी वर्ष 2019 में दर्ज छेड़छाड़ एवं पॉक्सो एक्ट के मामले में पिछले 7 साल से फरार चल रहा था और उस पर 7000 का इनाम घोषित था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी साधु अहिरवार थाना गौरिहार क्षेत्र का रहने वाला है और मामले में लगातार गिरफ्तारी से बच रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी निगरानी के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रैक कर उसे दबोच लिया। इस कार्रवाई को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया, जिससे आरोपी को भागने का मौका नहीं मिल सका। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में चलाए जा रहे न्याय पथ अभियान के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य पुराने लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत जिलेभर में लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना का मामला

**लवकुशनगर।** पुलिस अनुविभाग क़े गोयरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है, जिससे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 21 अप्रैल की बताई जा रही है। बताया गया कि दिन के समय जब पीड़िता की मां नहाने गई थीं और पिता घर के दूसरे कमरे में सो रहे थे, तभी आरोपी ने घर में घुसकर इस वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने तुरंत थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला पंजीबद्ध कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। घटना के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि आरोपी के फरार होने के बाद उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं, जिससे परिवार भयभीत है। परिजनों ने प्रशासन से सुरक्षा उपलब्ध कराने और आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## छतरपुर मंडी में खुली लूट: तुलाई 25 रुपये, पल्लेदारी 6 रुपये किसानों से वसूले जा रहे

### मंडी में 'मुफ्त तुलाई' का दावा फेल, लूट के बीच प्रशासन खामोश, जवाबदेही पर उठ रहे सवाल



**छतरपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए शासन भले ही 80 केन्द्र संचालित होने का दावा कर रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। छतरपुर मंडी प्रांगण में संचालित 3 खरीदी केन्द्र—जिनमें 2 सरकारी समितियों के और 1 निजी स्वामी विवेकानंद विपणन सहकारी समिति का केन्द्र शामिल है, यह सभी केंद्र किसानों के शोषण के केन्द्र बन गए हैं। शासन द्वारा तुलाई मुफ्त में कराने की घोषणा की गई है, लेकिन इन केन्द्रों पर किसानों से खुलेआम वसूली की जा रही है। तुलाई के नाम पर प्रति बोरी 25 रुपये और पल्लेदारी के नाम पर 6 रुपये तक अवैध वसूले जा रहे हैं। यह वसूली बिना किसी रसीद के की जा रही है, जिससे पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां किसान कम व्यापारी ज्यादा पहुंच रहें है और किसानों के खाते में व्यापारियों का गेहूं डाला जा रहा है। इस बात की आशंका पहले ही जताई जा रही थी कि खरीदी में देरी होने के कारण किसान अपना गेहूं खुले बाजार में बेच रहा है। लेकिन खरीदी शुरू होने पर इसका लाभ व्यापारियों को मिलेगा जो अब देखने को मिल रहा है। यह स्थिति जब जिला मुख्यालय के खरीदी केन्द्रों में है तो जिले में ग्रामीण अचंलों के केन्द्रों मे क्या स्थिति होगी इसका अंदाजा यही से लगाया जा सकता है। क्या प्रशासनिक अधिकारी खरीदी केन्द्रों कि जांच कर कोई कार्यवाही करते है या नही। किसानों का आरोप है कि यदि वे पैसे देने से मना करते हैं तो उनकी उपज की तुलाई में देरी की जाती है या उसे रिजेक्ट करने की धमकी दी जाती है। वहीं दूसरी ओर व्यापारियों का गेहूं प्राथमिकता से खरीदा जा रहा है, जिससे असली किसान घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं।सबसे बड़ी बात यह है कि इस पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। न तो कोई निगरानी नजर आ रही है और न ही शिकायतों पर कोई कार्रवाई। इससे किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### लगभग 50 क्विंटल गेहूं स्वामी विवेकानंद विपरण समिति से एसडीएम ने कराया जप्त -

मण्डी प्रागंण में गेहूं खरीदी कर रही स्वामी विवेकानंद विपणण सहकारी समिति में शनिवार को शारदा पटेल नामक व्यक्ति प्रहलाद पटेल नाम के किसान के पंजीयन पर गेहूं बेचने के लिए ले गया था। जिसकी शिकायत एसडीएम प्रशांत अग्रवाल से हुई। शिकायत मिलने पर एसडीएम प्रशांत अग्रवाल और तहसीलदार पियुष दीक्षित राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे और जांच के दौरान उन्होंने पाया कि दूसरे किसान के पंजीयन के नाम पर दूसरा व्यक्ति गेहूं बेच रहा था। जबकि जिस किसान का पंजीयन हो उसी किसान को बेचने के लिए आना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं पाया गया। जिस कारण किसान का पंजीयन निरस्त कर दिया गया और गेहूं जप्त कर कार्यवाही करने कि बात कि जा रही है।

## बुजुर्ग की संदिग्ध मौत, जमीन विवाद में हत्या की आशंका



**छतरपुर।** जिले के ग्राम बदौराकला में एक बुजुर्ग की संदिग्ध मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। करीब 34 दिन पहले हुई 65-70 वर्षीय राजदेव खंगार की मौत के बाद शुक्रवार को प्रशासन के आदेश पर शव को कब्र से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक के भतीजे सुनील खंगार ने शुरुआत से ही इस मौत को संदिग्ध बताते हुए आरोप लगाया था कि उनके चाचा को जहर देकर मारा गया है। इस संबंध में उन्होंने 25 मार्च को एसपी, कलेक्टर और डीआईजी सहित वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन दिया था। इसके बाद भी कार्रवाई न होने पर वे भोपाल जाकर डीजीपी से शिकायत कर चुके हैं।परिजनों के अनुसार 21 मार्च को गांव के भानुप्रताप यादव, उनके पुत्र अभिषेक यादव और छोटू यादव राजदेव को अपने साथ ले गए थे। अगले दिन वे शव लेकर लौटे और मौत की सूचना दी, जिसके बाद बिना पोस्टमार्टम के ही शव को दफना दिया गया। पुलिस के अनुसार गोद ली गई बेटी ने बयान दिया है कि मृतक ने खुद जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ी और अस्पताल में मौत हो गई। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उस समय पोस्टमार्टम नहीं कराया गया था। प्रशासन ने शव का पोस्टमार्टम कराकर बिसरा सुरक्षित रख लिया है, जिसे जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुटी है।

## गले में फंसा 5 का सिक्का, डॉक्टर ने बिना सर्जरी बचाई 3 वर्षीय मासूम की जान



**छतरपुर।** टीकमगढ़ जिले के ग्राम देरी निवासी 3 वर्षीय बच्ची रोशनी कुशवाहा के साथ एक चिंताजनक घटना सामने आई, जिसमें खेलते समय उसने 5 का सिक्का निगल लिया। बच्ची के दादा खुन्ना कुशवाहा के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 3 बजे उन्होंने बच्ची को आइसक्रीम लेने के लिए पैसे दिए थे, इसी दौरान खेल-खेल में उसने सिक्का मुंह में डाल लिया और निगल गई। इसके बाद बच्ची को खाना खाने और पानी पीने में परेशानी होने लगी, जिससे परिजन घबरा गए। तुरंत परिजन बच्ची को लेकर खरगापुर अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शाम करीब 6:30 बजे जिला अस्पताल में डॉक्टर डॉ. मनोज चौधरी ने बिना सर्जरी के फोली कैथेटर तकनीक का उपयोग करते हुए बच्ची के गले में फंसा सिक्का सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया।



## युवती के परिजनों ने युवक के घर में घुसकर की मारपीट, मामला दर्ज

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में लव मैरिज को लेकर विवाद का मामला सामने आया है, जिसने क्षेत्र में तनाव का माहौल बना दिया है। जानकारी के अनुसार प्रेम विवाह करने वाले एक जोड़े को लेकर युवती के परिजनों ने युवक के घर में घुसकर जमकर मारपीट कर दी। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। युवक का आरोप है कि वह और युवती एक ही समाज से संबंध रखते हैं और दोनों ने अपनी मर्जी से विवाह किया है, लेकिन इसके बावजूद युवती के परिवार वाले इस रिश्ते के खिलाफ थे। युवक के मुताबिक, घटना वाले दिन शाम करीब 4 बजे युवती के परिजन अचानक उनके घर पहुंचे और जबरन अंदर घुसकर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान घर में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।

## 3 बाइक सवारों को कुचला, 1 की मौत, 2 घायल



**छतरपुर।** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र में देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। बुंदेलखंड पेट्रोल पंप के सामने छतरपुर से दिल्ली जा रही राधा स्वामी ट्रैवल्स की तेज रफ्तार यात्री बस ने आगे चल रही अपाचे बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े, जिसमें मऊसानिया निवासी करीब 16-17 वर्षीय आकाश अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक मऊसानिया से नौगांव की ओर एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही यह हादसा हो गया और खुशियों का माहौल मातम में बदल गया।हादसे के वक्त बस में 50 से अधिक यात्री सवार थे। टक्कर के बाद बस कुछ दूरी पर जाकर रुकी, जिससे यात्रियों में भी दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस तेज रफ्तार में थी और चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था, जिसके चलते यह हादसा हुआ।घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और नौगांव थाने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। परिजनों ने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया और काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाकर यातायात बहाल कराया।पुलिस ने बस को जब्त कर थाने में खड़ा कर दिया है और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद दोषी चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बकस्वाहा में जनगणना 2027 के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न



**बकस्वाहा।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत 1 मई 2026 से प्रारंभ होने वाले मकान सूचीकरण कार्य की तैयारियों के तहत तहसील बकस्वाहा में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 15 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 तक पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, बकस्वाहा में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम तहसील बकस्वाहा के चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार भरत पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर अवधेश प्रताप सिंह, सहायक प्राध्यापक, तथा राघवेन्द्र नापित, संदीप खरे एवं अभय जैन, उच्च माध्यमिक शिक्षक, द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को आबंटित मकान सूचीकरण ब्लॉकों की पहचान, नजरी नक्शा तैयार करने, ।।रुह ऐप के माध्यम से घर-घर जाकर आंकड़े संकलित करने तथा एकत्रित डाटा को सीएमएमएस पोर्टल पर सिंक करने की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों से स्व-गणना का अभ्यास भी कराया गया।

## केन-बेतवा परियोजना प्रभावितों के बीच पहुंचे यश घनघोरिया ने कहा कि हक दिलाने सड़क पर भी उतरेंगे, यूथ कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी



**छतरपुर** जिले में केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित ग्राम पंचायत कूपी के अंतर्गत कुपी, शाहपुरा और बसुधा गांवों में युवा कांग्रेस ने सक्रियता दिखाते हुए ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं। मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से सीधा संवाद किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी जमीन, मुआवजा और पुनर्वास से जुड़ी समस्याएं खुलकर सामने रखीं। कई परिवारों ने सर्वे प्रक्रिया में खामियां और पात्र लोगों के छूटने की शिकायत भी की। ग्रामीणों की बात सुनते हुए यश घनघोरिया ने भरोसा दिलाया कि उनकी लड़ाई को हर स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा और किसी भी प्रभावित परिवार के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

यश घनघोरिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि प्रभावितों को उनका हक दिलाने के लिए सड़क पर उतरना पड़े, तो वे उससे भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक हर परिवार को उचित मुआवजा और पुनर्वास नहीं मिल जाता, तब तक युवा कांग्रेस संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने हाल ही में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज एफआईआर को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा और इसे तानाशाही रवैया बताते हुए कहा कि दबाव बनाकर आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन कार्यकर्ता पीछे हटने वाले नहीं हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रशासन द्वारा किए जा रहे सर्वे कार्य का भी निरीक्षण किया गया, जहां कई कमियां और त्रुटियां सामने आईं। इन खामियों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें प्रशासन के समक्ष उठाने की बात कही गई, ताकि पात्र परिवारों को न्याय मिल सके और पुनर्वास प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी हो।



## विवि रोड पर अतिक्रमण से जाम, छात्रों की बढ़ी परेशानी

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय रोड पर अतिक्रमण एक बार फिर गंभीर समस्या बनता जा रहा है। सड़क किनारे अवैध रूप से रखी गई गुमटियों और बेतरतीब खड़े ई-रिक्शों के कारण रोजाना जाम की स्थिति बन रही है, जिससे छात्र-छात्राओं सहित आम राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर कॉलेज के समय यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है और कई बार छात्रों को समय पर कक्षाओं तक पहुंचने में कठिनाई होती है।

स्थानीय नागरिकों और विद्यार्थियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ठोस कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। हाल ही में विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान प्रशासन ने अस्थायी रूप से अतिक्रमण हटाया था, क्योंकि कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल की मौजूदगी थी। लेकिन जैसे ही कार्यक्रम समाप्त हुआ, हालात फिर पहले जैसे हो गए और गुमटियां दोबारा सड़क किनारे लग गईं।

## गोद लिए बेटे पर मारपीट और कब्जे का आरोप, महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर** शहर में पारिवारिक विवाद का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने अपने गोद लिए बेटे और उसकी पत्नी पर मारपीट और जबरन कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता रुकसाना खातून शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। महिला के अनुसार, उसने करीब 12 वर्ष पहले अपनी बहन के पुत्र को गोद लिया था और वसीयतनामा में उसका नाम भी दर्ज कराया था, लेकिन उसने कभी उनकी देखभाल नहीं की। अब मकान बनने के बाद वह अपनी पत्नी के साथ आकर हिस्से की मांग कर रहा है। पीड़िता का आरोप है कि 14 अप्रैल से आरोपी जबरन उसके घर में रह रहे हैं और 23 अप्रैल की रात उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली में शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने से परेशान महिला ने एसपी से हस्तक्षेप कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## छतरपुर में मां पीताम्बरा प्रकटोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्ति में डूबे हजारों श्रद्धालु



**छतरपुर** में वैशाख शुक्ल अष्टमी के पावन अवसर पर मां पीताम्बरा देवी (बगलामुखी जयंती) का प्रकटोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। सटई रोड स्थित मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, भव्य श्रृंगार और हल्दी हवन के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। पुजारी बृजेश महाराज ने बताया कि मां की कृपा से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इस अवसर पर खनिज देव चौहान द्वारा आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे। मंदिर में पीले वस्त्र, पुष्प और प्रसाद अर्पित कर विशेष आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और पूरा परिसर जय मां पीताम्बरा के जयघोष से गूंज उठा।

## छतरपुर के दो दर्जन बच्चों ने दिल्ली में राष्ट्रीय बेसबॉल-सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन



**छतरपुर।** राजधानी दिल्ली में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल एवं सॉफ्टबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता में छतरपुर नगर के करीब दो दर्जन बालक एवं बालिकाओं ने सहभागिता कर जिले का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 16 अप्रैल से 22 अप्रैल 2026 तक आयोजित हुई, जिसमें मध्य प्रदेश की विभिन्न आयु वर्ग की टीमों में छतरपुर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता से पूर्व मध्य प्रदेश टीम का प्री-नेशनल कोचिंग कैंप 9 अप्रैल से 13 अप्रैल तक इंदौर में आयोजित किया गया, जहां खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद चयनित खिलाड़ियों ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

17 वर्ष बालक वर्ग में छतरपुर से आशीष अहिरवार, नवीन सिसोदिया, अजय यादव, सागर तिवारी, अभिराज बुंदेला, अर्जुन आदित्य सिंह और उपेंद्र यादव ने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। वहीं 17 वर्ष बालिका वर्ग में अन्नया सेन, निकिता कुशवाहा, पूर्वंशी द्विवेदी, आशी सिंह तोमर, काजल यादव, विशाखा अहिरवार और दीपिका कुशवाहा शामिल रहीं।

14 वर्ष बालक वर्ग में अर्पित वर्मा, मयंक विश्वकर्मा और अंश चौरसिया ने सहभागिता की, जबकि 14 वर्ष बालिका वर्ग में इच्छा रावत, गीता पटेल, राधिका प्रजापति और सुमन अहिरवार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा सॉफ्टबॉल 14 वर्ष बालक वर्ग में शुभ समारी, यश निगम और यशराज यादव तथा बालिका वर्ग में शिवा व्यास, सुब्राता अग्निहोत्री और खुशी गुप्ता ने भी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

## दुकान पर काम कर रहे युवक पर कैंची से हमला, हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर



**छतरपुर।** जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पनोठा में शनिवार दोपहर एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल राजेन्द्र सेन (26 वर्ष), पिता कन्हैया लाल सेन, अपनी दुकान पर काम कर रहे थे, तभी गांव के ही रहने वाले आरोपी राजेश सेन और रामगोपाल सेन वहां पहुंचे। बताया जा रहा है कि रामगोपाल ने पहले युवक के दोनों हाथ पकड़ लिए, जिसके बाद राजेश सेन ने बाल काटने वाली कैंची से युवक के पेट पर करीब सात बार ताबड़तोड़ वार कर दिए।

हमले में गंभीर रूप से घायल राजेन्द्र सेन मौके पर ही गिर पड़े। घटना के बाद घायल की बहू ने तत्काल अपने पति रोहित को सूचना दी। रोहित ने मौके पर पहुंचकर डायल 112 को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस की मदद से घायल को जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया गया। अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर आशुतोष चतुर्वेदी ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को ट्रॉमा वार्ड में भर्ती किया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना शनिवार 25 अप्रैल को दोपहर करीब 3:30 बजे की बताई जा रही है।

## नौगांव में भीषण गर्मी का कहर: पारा 44 डिग्री पार, जनजीवन प्रभावित

**नौगांव/छतरपुर।** अप्रैल माह में ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं और शनिवार को नगर का तापमान इस सीजन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रात का तापमान 22 से 23 डिग्री के बीच रहा। मौसम वैज्ञानिक हेमंत कुमार और कालीचरण रैकवार के अनुसार आने वाले दो दिनों में तापमान 45 से 46 डिग्री तक पहुंच सकता है, जिससे लोगों को और अधिक गर्मी झेलनी पड़ सकती है।

भीषण गर्मी के चलते जनजीवन पूरी तरह प्रभावित नजर आया। शनिवार को सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग घरों में ही रहने को मजबूर दिखाई दिए। पिछले एक सप्ताह से तापमान 40 से 43 डिग्री के बीच बना हुआ था, लेकिन शनिवार शाम करीब 5 बजे यह बढ़कर 44 डिग्री तक पहुंच गया।

मौसम वैज्ञानिक हेमंत कुमार ने बताया कि नौगांव की भौगोलिक स्थिति भी यहां की अधिक गर्मी का एक बड़ा कारण है। जमीन के नीचे पाए जाने वाले नीले पत्थर के कारण यहां गर्मी और सर्दी दोनों का असर ज्यादा रहता है, क्योंकि यह पत्थर जल्दी गर्म और जल्दी ठंडा होता है, जिससे तापमान में तेजी से बदलाव होता है।

गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी साफ दिखाई दे रहा है। सिविल अस्पताल के डॉ. अजय सिंह ठाकुर के अनुसार इन दिनों अस्पताल में आने वाले 80 से 90 प्रतिशत मरीज गर्मी से जुड़ी बीमारियों जैसे उल्टी, दस्त और तेज बुखार से पीड़ित हैं। उन्होंने लोगों से अधिक पानी पीने, धूप से बचने और जरूरी सावधानियां बरतने की अपील की है।

इस बीच नगर पालिका परिषद की लापरवाही भी सामने आई है। नगर के सार्वजनिक स्थानों पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों, पशु-पक्षियों और आवारा जानवरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सार्वजनिक स्थानों पर पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

## नारी शक्ति बंधन पखवाड़ा में छात्राओं को मिला सशक्तिकरण और जागरूकता का संदेश



**छतरपुर।** शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय छतरपुर में प्राचार्य डॉ. पी.के. दीक्षित की अध्यक्षता में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक नारी शक्ति बंधन पखवाड़ा का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न चरणों में छात्राओं के लिए जागरूकता और सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियां संपन्न कराई गईं।

पखवाड़े के प्रथम चरण में 10 अप्रैल से 13 अप्रैल तक समाजसेविका श्रीमती अंजू अवस्थी (संगम सेवालय) द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें छात्राओं को आत्मनिर्भरता और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद द्वितीय चरण 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चला, जिसमें डॉ. अवंती दीक्षित (मैडम वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष) ने साइबर सुरक्षा और पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी।

### कमिश्नर ने किया गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

# व्यवस्थाओं में कमी पाए जाने पर खैरा समिति प्रबंधक को नोटिस जारी करने के निर्देश





**रीवा ।** रीवा संभाग के सभी जिलों में 15 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन शुरू हो गया है। सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई हैं। खरीदी केन्द्रों में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे संभागायुक्त बीएस जामोद ने कृषि उपज मंडी करहिया अंतर्गत इटहा तथा खैरा गेंहू खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा भी की। कमिश्नर ने खरीदी केंद्र में छाया-पानी आदि व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में किसान भाईयों के लिए पर्याप्त छाया, शीतल पेयजल और बैठने के लिए कुर्सियों उपलब्ध रहे, इसके लिए व्यवस्थित स्थल का चयन करें जिससे ये सारी सुविधाएं किसानों को आसानी से उपलब्ध हो सकें। कमिश्नर ने खरीदी केंद्रों में अपने समक्ष गेहूं की बोरियों का तौल करवाया तथा निर्देश दिए कि तौल करते समय निर्धारित मानक भर्ती का विशेष ध्यान रखें। इसमें त्रुटि होने पर कार्यवाही होगी। कमिश्नर ने नोडल अधिकारियों को हिदायत दी कि वे सभी खरीदी केंद्रों पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए व्यवस्थाओं पर निगरानी रखें। निरीक्षण के दौरान खैरा खरीदी केंद्र में व्यवस्थाओं में कमी पाए जाने पर प्रभारी समिति प्रबंधक दयाशंकर शुक्ल को कमिश्नर द्वारा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। खरीदी केंद्रों में गेहूं की गुणवत्ता जांचने के लिए कमिश्नर ने अपने समक्ष मॉइश्चर मीटर से गेंहू की जाँच कराई। उन्होंने किसानों को समझाइश देते हुए कहा कि अपनी उपज को केंद्र पर लाने से पहले उसे अच्छी तरह साफ कर लें और नमी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। मानकों के अनुरूप गेंहू में गुणवत्ता होने पर खरीदी प्रक्रिया में तेजी आएगी। कमिश्नर ने तौल कांटों के भौतिक सत्यापन की जानकारी प्राप्त करते हुए खरीदी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में तौल कांटे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बारदानों में स्पष्ट रूप से सील लगाने व पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता तथा डबल स्टिच पैकिंग कराने के निर्देश दिए जिससे परिवहन के समय किसी प्रकार की समस्या न हो। कमिश्नर ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों से उपार्जित गेंहू का अनवरत परिवहन किया जाय तथा उठाव में देरी न हो। पर्याप्त खरीदी होते ही उठाव की व्यवस्था हो। पर्याप्त बारदानों की उपलब्धता रहे। उन्होंने उपार्जित गेंहू के व्यवस्थित भण्डारण के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित उपार्जन से संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन





**रीवा ।** उच्च न्यायालय जबलपुर, मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय मुख्यपीठ जबलपुर के क्षेत्राधिकार में आने वाली जेलों में परिरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए वृहद मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर का शुभारंभ माननीय मुख्य न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश एवं संरक्षक मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर संजीव सचदेवा के द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। शिविर के दौरान न्यायाधीश विवेक अग्रवाल अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ने बंदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण पर बल दिया। केंद्रीय कारागार रीवा में यह आयोजन विशेष न्यायाधीश संदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा के सचिव समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम तैनात की गई थी, जिसमें मेडिसिन, सर्जरी, अस्थि, मानसिक, ई.एन.टी., नेत्र रोग, स्त्री रोग और बाल रोग विभाग के विशेषज्ञ शामिल थे। इस टीम द्वारा 603 बंदियों का निःशुल्क परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कारागार के जेल अधीक्षक सतीश उपाध्याय, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा, उप जेल अधीक्षक संजीव गेंदले और श्याम सिंह कुशवाहा सहित एल.ए.डी.सी.एस. के चीफ सुरेन्द्र सिंह, डिप्टी चीफ श्री आनंद पाण्डेय एवं अन्य सदस्य, पैरालीगल वॉलियंटर्स तथा जेल के बंदीगण उपस्थित रहे।

# आयुष्मान कार्ड की तकनीकी समस्या दूर कर महिला मरीज को दिया गया नया जीवन



**रीवा।** सुपर स्पेशलिटी अस्पताल प्रबंधन की संवेदनशीलता और तत्परता के कारण एक गंभीर महिला मरीज को समय पर उपचार मिल सका है। उमरी निवासी एक 34 वर्षीय महिला न्यूरोसर्जरी विभाग में भर्ती हुई थी, जिसकी स्थिति काफी गंभीर थी और उसे तत्काल इलाज की आवश्यकता थी। मरीज के पुराने आयुष्मान कार्ड में तकनीकी गड़बड़ी होने के कारण पोर्टल पर औपचारिकताएं पूरी नहीं हो पा रही थीं और आर्थिक तंगी के चलते परिवार निजी खर्च उठाने में असमर्थ था, जिससे इलाज में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। जैसे ही यह मामला अस्पताल प्रबंधन के संज्ञान में आया, उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत भोपाल स्थित आयुष्मान विंग से संपर्क किया और प्राथमिकता के आधार पर महिला का नवीन आयुष्मान कार्ड बनवाया। नया कार्ड बनते ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर मरीज की रुकी हुई जांचें और उपचार की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी गई। वर्तमान में महिला विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में है और उसका उपचार पूर्णतः निःशुल्क किया जा रहा है ।

अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मरीज दस्तावेजों की कमी के कारण इलाज से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जानकारी मिलते ही आयुष्मान टीम को त्वरित निर्देश दिए गए ताकि उपचार में देरी न हो। चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. सुनील अग्रवाल के सहयोग से यह अस्पताल निरंतर आयुष्मान मरीजों को सुविधाएं प्रदान कर रहा है। वर्ष 2021 से 2025 तक यहाँ लगभग 26,714 आयुष्मान कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। इस मानवीय पहल के लिए मरीज के परिजनों ने प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**संभागीय अधिकारियों से लेकर भोपाल तक जांच के लिए भेजी गई शिकायत**

# कार्यपालन यंत्री पर सेवा पुस्तिका में कूट रचना एवं जालसाजी का लगा आरोप



**रीवा।** कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक 02 रीवा एस.बी. रावत के 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्ति के पूर्व इनके विरुद्ध सेवा पुस्तिका में कूटरचना एवं जालसाजी करने।अचल संपत्ति विवरण न देने आदि की अधीक्षण यंत्री **RES** रीवा मंडल रीवा के संलग्न (एवं निम्नानुसार) जाँच प्रतिवेदन पर आरोप पत्र जारी करने एवं कठोर दंडात्मक कार्यवाही के लिए शिकायतें की गई। मिली जानकारी अनुसार दस्तावेजों में छेड़छाड़ की शिकायत मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा। कमिश्नर संभाग रीवा जिला रीवा मप्र चीफ सेक्रेटरी, कलेक्टर जिला रीवा, सीईओ जिला पंचायत जिला रीवा मप्र, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रीवा ,प्रमुख सचिव से की गई है। शिकायत में आरोप लगाते हुए कहा गया है कि मामला भ्रष्टाचार, कूटरचना, जालसाजी, वरिष्ठ अधिकारियों कलेक्टर मऊगंज पर 5 लाख रूपये लेनदेन (वायरल ऑडियो विडियो) का आरोप लगाने वाले एवं इन सब। अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त वर्तमान कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक 02 रीवा एस.बी. रावत की 30 अप्रैल 2026 को इनकी सेवानिवृत्ति है। लेकिन इनके विरुद्ध तत्कालीन अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रीवा मंडल रीवा मप्र अतुल चतुर्वेदी द्वारा शिकायतकर्ता शिवानंद द्विवेदी की शिकायत पर एसबी रावत कार्यपालन यंत्री क्रमांक 02 रीवा की जांच की गई। जिसमें इनके विरुद्ध सेवा पुस्तिका में कूटरचना करने, जालसाजी करने, भ्रष्टाचार करने, अचल संपत्ति विवरण न देने आदि के अधीक्षण यंत्री रीवा मंडल रीवा के जांच प्रतिवेदन में समस्त आरोप सिद्ध पाए गए। जिसका जाँच प्रतिवेदन अधीक्षण यंत्री रीवा मंडल द्वारा दिनांक 10/06/2025 को ही पत्र क्रमांक 528 द्वारा कमिश्नर रीवा संभाग को प्रेषित कर कार्यवाही की अनुशंसा की गयी थी। लेकिन जानबूझकर विभागीय लापरवाही और दोषी कार्यपालन यंत्री एसबी रावत संभाग क्रमांक 02 रीवा को बचाने के उद्देश्य से कमिश्नर रीवा संभाग द्वारा। प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा पंचम तल विकाश भवन मप्र भोपाल को भेजे गए पत्र क्रमांक आई/534204 दिनांक 06/10/2025 को अब तक दबाकर रखा गया। जिससे दोषी कार्यपालन यंत्री एसबी रावत को आसानी से निरपराध साबित करते हुए रिटायरमेंट दिया जा सके।ताकि इनके विरुद्ध कोई कार्यवाही न किया जा सके। जबकि यह उक्त कमिश्नर रीवा संभाग का पत्र क्रमांक आई/534204 दिनांक 06/10/2025 डिजिटल और वर्तमान मप्र शासन के इ-फाइलिंग सिस्टम द्वारा भेजा गया था। जिसका तात्पर्य यह है की इस प्रकार की कंप्यूटराइज्ड ई-फाइल सिस्टम को ऑनलाइन ट्रैक किया जा सके समयबद्ध तरीके से समय सीमा में कार्यवाही किया जाए। लेकिन इन सब व्यवस्था के बाबजूद जबकि पूरा फाइल सिस्टम ऑनलाइन होते हुए और यह जानकारी होते हुए की कार्यपालन यंत्री एसबी रावत संभाग क्रमांक 02 रीवा दिनांक 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं । इन सभी अधिकारियों द्वारा जानबूझकर दोषी कार्यपालन यंत्री एसबी रावत को इतने गंभीर कूटरचना और जालसाजी के मामले में बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि आवेदक एवं शिकायतकर्ता द्वारा आरटीआई से प्राप्त जानकारी और अभिलेखों अनुसार आज दिनांक तक एसबी रावत कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक 02 रीवा के विरुद्ध कोई आरोप पत्र अथवा किसी भी प्रकार की विभागीय अथवा दंडात्मक कार्यवाही नहीं की गयी। जिससे एसबी रावत कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक 02 रीवा बिना किसी विभागीय कार्यवाही के अभाव में अपनी पेंशन और ग्रेच्युटी आसानी से प्राप्त कर रिटायर हो जायेंगे और अपने आपको निर्दोष बताएँगे? बड़ा सवाल यह है की क्या इतने गंभीर भ्रष्टाचार, सेवा पुस्तिका में इनके द्वारा की गयी। कूटरचना एवं जालसाजी आरोप प्रमाणित होने के बाद भी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मप्र भोपाल एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल ऐसे दोषियों को बचाने का प्रयास कर रहा है? जाँच प्रतिवेदन आने के बाद कमिश्नर रीवा संभाग द्वारा पोस्टमैन की भांति पत्र प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास भवना भोपाल मप्र को बिना स्वयं कोई कार्यवाही किये भेजकर जिस प्रकार का घटना क्रम देखने को मिल रहा है उससे उक्त समस्त विभाग और अधिकारियों की दोषों कार्यपालन यंत्री एसबी रावत संभाग क्रमांक 02 रीवा को बचाने की स्पष्ट मंशा साफ़ दिखाई दे रही है।

# मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की गेहूं, चना एवं मसूर उपार्जन की समीक्षा

## जल गंगा संवर्धन अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने के दिए निर्देश





**रीवा ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश में चल रहे गेहूं, चना एवं मसूर के उपार्जन की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि जिलों में उपार्जन प्रक्रिया सुचारू एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित कराएं। सभी कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि उपार्जन केंद्रों पर पेयजल व्यवस्था, बैठने के लिए छायादार स्थान सहित आवश्यक जन-सुविधाएं उपलब्ध रहे। इसके लिए कलेक्टर स्वयं उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर सात दिवस की खरीदी के लिए पर्याप्त बारदाना उपलब्ध रहे। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराएं एवं निर्धारित मापदंडों का पालन नियमित रूप से कराएं, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कृषि उपज मंडियों एवं व्यापारियों द्वारा किसानों को किए जाने वाले भुगतान की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग अपने निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति कर अभियान को सफल बनाने में पूर्ण सहभागिता निभाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि 25 मई को गंगा दशहरा के अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय श्रमदान कार्यक्रम आयोजित कराएं। नगरीय क्षेत्रों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने छोटे जलाशयों की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के माध्यम से स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में जल स्रोतों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व विभाग को जल संरचनाओं की जानकारी पोर्टल में दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग को पेयजल जनित बीमारियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था स्वच्छ एवं सुचारू बनी रहे, ताकि आमजन को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। बैठक में कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कमिश्नर बीएस जामोद, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त एलएल अहिरवार तथा संबंधित संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगरीय प्रशासन संभाग के कार्यपालन यंत्री ने किया बैकुंठपुर एवं सिरमौर का निरीक्षण



**रीवा ।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, रीवा संभाग के कार्यपालन यंत्री हरिशंकर मिश्रा ने रीवा जिले की नगर परिषद बैकुंठपुर एवं नगर परिषद सिरमौर का विस्तृत भ्रमण कर स्वच्छता और विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कार्यपालन यंत्री ने दोनों नगर परिषदों में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वच्छता मानकों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और शहर को रैंकिंग में ऊपर लाने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस प्रयास किए जाएं। भ्रमण के दौरान श्री मिश्रा ने पेयजल व्यवस्था की गंभीरता से जांच की। जल प्रदाय योजना के तहत विभिन्न स्थलों से पानी के नमूने लिए गए और उनकी शुद्धता का परीक्षण किया गया। जल स्रोतों के संरक्षण हेतु वाटर बॉडी की सफाई, रैन वाटर हार्वेस्टिंग और पर्यावरण सुधार के कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया। आगामी मानसून को देखते हुए पौधारोपण हेतु खोदे गए गड्ढों और उनकी फेंसिंग का निरीक्षण कर कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान नगर परिषद की मुख्य नगरपालिका अधिकारी निधि सिंह, उपयंत्री पीयूष सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, विक्रम सिंह, कमल मिश्रा सहित अन्य विभागीय कर्मचारी व स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस, मलेरिया उन्मूलन का लिया गया संकल्प




**मऊगंज** सिविल अस्पताल में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में खण्ड चिकित्सा अधिकारी (BMO) प्रदुमन शुक्ला सहित अस्पताल के डॉक्टर, नर्स एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति रही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव और उसके उन्मूलन के प्रति जागरूक करना रहा।इस अवसर पर बीएमओ प्रदुमन शुक्ला ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन समय रहते सावधानी बरतकर इससे पूरी तरह बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि "अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा" के संदेश के साथ मलेरिया उन्मूलन के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है।कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने मलेरिया के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि साफ-सफाई बनाए रखना, आसपास पानी जमा न होने देना, मच्छरदानी का उपयोग करना तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना बेहद जरूरी है।पैरा मेडिकल स्टाफ द्वारा लोगों को यह भी बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को बुखार, ठंड लगना, पसीना आना जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए, ताकि समय रहते उपचार शुरू किया जा सके।कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में उपस्थित लोगों ने मलेरिया उन्मूलन के लिए संकल्प लिया और जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। इस आयोजन के माध्यम से मऊगंज स्वास्थ्य विभाग ने यह स्पष्ट किया कि जनसहभागिता और जागरूकता ही मलेरिया जैसी बीमारियों को जड़ से समाप्त करने का सबसे प्रभावी उपाय है।

# विधायक ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण



**मऊगंज।** विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हूं - विधायक प्रदीप पटेल मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल ने विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने हनुमना नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 15 कचनार नैया डैम के पास अमृत 02 योजना के तहत पानी की टंकी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इसी तरह विधायक पटेल ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैलाशपुर का लोकार्पण किया। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण कर आमजन को सुलभ एवं गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल सामने आई है उल्लेखनीय है की सुविधाओं से कोसों दूर अदवाचंल पिपराही घाटी से पहले ग्राम पंचायत कैलाशपुर जो की अनेक गांव का एक केंद्र बिंदु है जो स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित क्षेत्र रहा है अब वहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा हो जाने से क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक चिकित्सा सुलभ हो सकेगी। आयोजित विभिन्न निर्माण कार्यों के भूमि पूजन एवं लोकार्पण के अवसर पर विधायक पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मऊगंज विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए मैं दृढ़ संकल्पित हूं मऊगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास व हितग्राहीमूलक कार्य कराए जा रहे हैं क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी, स्वास्थ्य, शिक्षा पेयजल, हर खेतों तक पानी एवं औद्योगिक केंद्रों की स्थापना कर क्षेत्र की जनता को सर्व सुविधा प्रदान करना मेरा संकल्प है।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता ने कहा कि विधायक पटेल के अथक प्रयास से हनुमना नगर परिषद के साथ पूरे विधानसभा क्षेत्र में कई बड़े विकास कार्य हुए हैं नवोदय विद्यालय, बड़ी अस्पताल शासकीय कॉलेज, बस स्टैंड, ट्रांसपोर्ट नगर, सिंचाई परियोजना जैसे लोक कल्याणकारी हुए हैं और किए जा रहे हैं। इस मौके पर कई अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण कुमार त्यागी, उपयंत्री अनिल कुमार मिश्रा, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ नागेंद्र मिश्रा, पार्षद फूल कली कोल, शिवदत्त मिश्र कद शुक्ला पन्नालाल शुक्ला रामबाबू गुप्ता सुमित गुप्ता जय गुप्ता तारकेश्वर गुप्ता देवराज जायसवाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के कई जन्म प्रतिनिधि समाज सेवी, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।